


# शिवपुरी में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे विधायक महेंद्र सिंह यादव



नवभारत न्यूज
शिवपुरी, 07 दिसम्बर। विकासखंड बदरवास के अंतर्गत आने वाले जन शिक्षा केंद्र खतौरा में खेल महोत्सव का आयोजन परी गार्डन में आयोजित किया गया। महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव उपस्थित थे। सांसद महोत्सव का आयोजन खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना, फिट इंडिया कैंपेन, खेलों को प्रोत्साहित करना आदि अन्य गतिविधियां शामिल है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पर माल्याअर्पण एवं दीप प्रज्लन कर की गई। अतिथि देवो भव: की परंपरा का निर्वहन करते हुए करते हुए मुख्य अतिथि का स्वागत जन शिक्षा केंद्र प्रभारी एमके शर्मा द्वारा किया गया।

बीआरसी अंगद सिंह तोमर ने बताया कि सांसद महोत्सव आयोजन तीन चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण में ग्रामीण स्तरीय पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। द्वितीय चरण में विकासखंड स्तरीय एवं तृतीय चरण में जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जावेगी। इसी क्रम में प्रथम चरण में जन शिक्षा केंद्र खतौरा के शासकीय और अशासकीय विद्यालय से 4 सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्रा में शामिल हुए. सांसद महोत्सव में एकल एवं टीम गेम्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। जिसमें टीम गेम्स में फुटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट, खो खो शामिल थे। एकल प्रतियोगिता में बैडमिंटन और एथलेटिक्स का आयोजन किया गया। मनोरंजन गेम्स के रूप में कबड्डी एवं रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन बालक/बालिका वर्ग में किया गया। विधायक कोलारस महेंद्र सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। आप शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर अपने विकासखंड और स्कूल का नाम जिला स्तर पर रोशन करें। विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर जीत की अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी।जिला स्तरीय सांसद महोत्सव का आयोजन 15 से 17 दिसंबर तक शिवपुरी में होगा। महोत्सव में विशेष सहयोग प्राचार्य गणेशा, संस्कार, रुब्रिक, आईपीएस, खातोरा पब्लिक, कृष्णा कॉन्वेंट, संस्कार विद्या मंदिर स्कूल ,राम सिंह यादव, गोपाल जाटव,संतोष सेंगर, घूमन सिंह गोलिया का रहा। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल यादव ने किया। आभार प्रदर्शन जन शिक्षा केंद्र प्रभारी एमके शर्मा द्वारा किया गया।

# पुलिस ने 3 वर्ष से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार



नवभारत न्यूज
**शिवपुरी, 07 दिसम्बर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ व्दारा माननीय न्यायालय शिवपुरी द्वारा जारी किये स्थायी वारंटियो की अभियान के तहत धरपकड़ कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अति.पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, एसडीओपी अनुभाग करैरा आयुष जाखड के मार्गदर्शन में चौकी मगरौनी थाना नरवर के अप क्र 90/22 धारा 25 बी आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे स्थायी वारंटी भीकम पुत्र बालकिशन कुशवाह उम्र 22 साल निवासी खारा कुआँ निजामपुर मगरौनी चौकी मगरौनी थाना नरवर को मगरौनी बस स्टेण्ड से गिरफ्तार किया व माननीय न्यायालय, करैरा शिवपुरी में पेश किया गया। इस कार्यवाही में विनय यादव थाना प्रभारी नरवर, उनि. प्रियंका शुक्ला चौकी प्रभारी मगरौनी, सउनि. दिनेश यादव, प्र आर भूपेन्द्र गुप्ता, आर. अनिल चतुर्वेदी, आर. सचिन यादव, आर. रविन्द्र भास्कर, आर राघवेन्द्र तोमर की विशेष भूमिका रही।

# अपहृत नाबालिग को किया सुरक्षित बरामद

नवभारत न्यूज
**शिवपुरी, 07 दिसम्बर।** बीती 01 दिसम्बर थाना देहात में फरियादिया उम्र 35 साल निवासी मौमिन मोहल्ला मस्जिद के पास थाना देहात ने अपनी नाबालिक लडकी उम्र करीब 17 साल निवासी मौमिन मोहल्ला मस्जिद के पास थाना देहात जिला शिवपुरी के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर ले जाने के संबंध मे रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना देहात पर अपराध क्र.401/25 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में प्रकरण महिला संबंधी व अत्यंत संवेदनशील होने से घटना की प्रकृति की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये, थाना प्रभारी देहात द्वारा तत्काल टीम तैयार कर अपहृता की दस्तयाबी हेतु रवाना किया गया। मुखबिर तंत्र मजबूत कर शिवपुरी व आस पास अपहृत बालिका की तलास की गई जिसको मुखबिर की सूचना पर गत दिवस शिवपुरी से बराम किया गया। इस कार्यवाही में निरी. जितेन्द्र सिंह मावई, प्र.आर. केशव सिंह, प्र.आर.देवेन्द्र सेन, आर. मनोज गौड, आर. प्रमोद कुशवाह, म.आर.अंजली पाठक थाना देहात की मुख्य भूमिका रही।

# बड़वानी में गैंगरेप का तीसरा आरोपी पकड़ाया

**बड़वानी.** अंजड़ थाना क्षेत्र में महिला से रेप के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. रविवार को अंजड़ पुलिस ने रविवार को जितेंद्र पाटीदार फोगला को हिरासत में लिया. इस मामले में पुलिस पहले ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. महिला ने 24 नवंबर को अंजड़ थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी. इसमें दो नामजद सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने पहले कांग्रेस के पानसेमल ब्लॉक अध्यक्ष मनीष पिता कन्हैयालाल गोयल और भगवान पिता टीकम सोलंकी को गिरफ्तार किया था.

# दून पब्लिक स्कूल को मिली हाइयर सेकेंडरी सीबीएसई मान्यता

## बेहतर शिक्षा का मार्ग प्रशस्त

नवभारत न्यूज
**शिवपुरी, 07 दिसम्बर।** स्थानीय दून पब्लिक स्कूल शिवपुरी को शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। स्कूल को अपनी स्थापना के मात्र चौथे वर्ष में ही केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली से हाइयर सेकेंडरी (12 वीं तक की)औपचारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। इस समाचार के मिलते ही छात्रों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में खुशी की लहर दौड़ गई है।

सीबीएसई मान्यता मिलने के बाद अब दून पब्लिक स्कूल के छात्र अपने शहर में ही बोर्ड के उच्च मानकों के अनुरूप शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस महत्वपूर्ण कदम से स्थानीय अभिभावकों की बड़ी चिंता समाप्त हो गई है, जिन्हें अब अपने बच्चों को उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिए बड़े शहरों में भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

स्कूल की डायरेक्टर डॉ. खुशी खान ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह सिर्फ एक मान्यता नहीं है, बल्कि शिवपुरी के बच्चों के भविष्य में हमारा निवेश है। हमारा लक्ष्य शिक्षा को एक नई दिशा देना और यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को सर्वोत्तम अवसर मिलें। हम विश्व स्तरीय सुविधाएं और शैक्षणिक माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

स्कूल प्रबंधन समिति के अनुसार, यह मान्यता आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पूरी तरह प्रभावी होगी। इसके तहत स्कूल में अत्याधुनिक प्रयोग शालाएं, डिजिटल शिक्षण सामग्री और खेल सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो छात्रों को सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक अनुभव प्रदान करेंगी। रेडिएंट ग्रुप के डायरेक्टर शाहिद खान ने इस सफलता का श्रेय पूरे स्टाफ की कड़ी मेहनत और अभि भावकों के अटूट विश्वास को दिया। यह उपलब्धि दून पब्लिक स्कूल को शिवपुरी क्षेत्र के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में लाकर खड़ा करती है, जिससे क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में और सुधार की उम्मीद है। उल्लेखनीय हैं कि दून पब्लिक स्कूल देश के प्रतिष्ठित दून स्कूल दिल्ली की प्रीमियम ब्रांच है जो शिवपुरी में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान कर रही है।



# जानकी सेना का विश्व शांति सुंदरकांड

नवभारत न्यूज
**शिवपुरी, 07 दिसम्बर।** शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय जानकी सेना संगठन के विश्व शांति महा अभियान सुंदरकांड के तहत 655 वा आत्म संयम संचय सुंदरकांड आयोजन करैरा नगर पंचायत सीएमओ गोपाल गुप्ता के यहां उनके निज निवास सिटी सेंटर कॉलोनी में संपन्न हुआ जिसमें संगठन के 200 से अधिक शांति दूत सदस्य शामिल हुए। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय जानकी सेना संगठन के महासचिव नरेशप्रताप सिंह (बॉबीराजा) ने बताया कि विश्व शांति आह्वान के रूप में प्रति सप्ताह शनिवार को अभा जानकी सेना संगठन के द्वारा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह रावत के नेतृत्व में संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में गत दिवस करैरा नगर पंचायत सीएमओ गोपाल गुप्ता के यहां उनके निज निवास सिटी सेंटर कॉलोनी में संगीतमय सुंदरकांड का सामूहिक पाठ कर समस्त विश्व की शांति और मानव कल्याण की प्रार्थना की। संगठन का पिछले 11 वर्षों से विश्व शांति सुंदरकांड महा अभियान आयोजन अविराम गति से संचालित बना हुआ है। आयोजन में 20 नए महिला, पुरुषों ने संगठन की सदस्यता ली। इस के साथ ही करैरा नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शारदा रामस्वरूप रावत, पार्षद गण,प्रभारी सीएमओ सौरव गौड़,सहित नगर के समाज सेवी और संगठन पदाधिकारी भी इस आयोजन में शामिल रहे।

# ब्रह्मपुत्र यूरिया की रैक से जिले को 1090 मी . टन यूरिया प्राप्त

नवभारत न्यूज
**शिवपुरी, 07 दिसम्बर।** ब्रहम्पुत्र कंपनी का यूरिया की रैक शिवपुरी रैक पॉइंट पर लगी जिससे जिले को 1090 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ। जिसमें से 06 डबल लॉक गोदाम को 300 मै टन, 04 मार्केटिंग सोसायटी को 150 मै. टन, 06 सहकारी समितियों को 150 मै. टन, एम.पी.एग्रो को 30 मै. टन, एवं निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं को 460 मै.टन यूरिया प्राप्त हुआ।

जिले की 6 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को कुल 200 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ है। प्राथमिक कृषि साख सह. समिति नरवर, नरौआ, बहगवां, दिहायला, सीहोर एवं काली पहाड़ी समितियों को 25-25 मैट्रिक टन यूरिया मिला है। डबल लॉक गोदामों में मार्कफेड शिवपुरी को 25 मै. टन, करैरा को 75 मै. टन, पिछोर को 75 मै. टन, कोलारस को 25 मै. टन, पोहरी को 25 मै. टन एवं

**बदरवास को 75 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ है।** विपणन सहकारी संस्था बैराड को 25 मै. टन, विपणन सहकारी संस्था मार्केटिंग खनियाधाना को 50 मै. टन, नलदमयंती विपणन सहकारी संस्था नरवर को 50 मै. टन एवं विपणन सहकारी संस्था मार्केटिग कोलारस 25 मै. टन यूरिया प्राप्त हुआ है।

निजी थोक उर्वरक विक्रेताओं में विनोद ढेडिंग कंपनी को 310 मै. टन, अल्का एजेंसी बामौरकलां को 50 मै. टन, आलोक खाद भण्डार खोड को 50 मै. टन, गुरूनानक कृषि सेवा केंद्र रन्नौद को 25 मै. टन, श्री कृष्णा क्लीनिक खतौरा को 25 मै. टन यूरिया उपलब्ध हुआ है।

# मुख्य लोको निरीक्षकों ने सिग्नल से जुड़ी बारीकयों पर की चर्चा

**भोपाल 7 दिसंबर. भोपाल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रविवार को मुख्य लोको निरीक्षकों की संगोष्ठी में ट्रेन संचालन के दौरान सिग्नल को खतरे की स्थिति में पार करने ( एसपीएडी ) की घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की गयी.**

इस संगोष्ठी में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और मुख्य लोको निरीक्षकों ने मुख्य रूप से भागीदारी सुनिश्चित की. संगोष्ठी का उद्घाटन संबोधन मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने दिया. श्री त्यागी ने कहा कि एसपीएडी घटनाओं को पूरी तरह रोकने के लिए लोको पायलटों को प्रभावी परामर्श, सतत जागरुकता और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए.

अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे और योगेंद्र बघेल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे.



# वयोश्री योजना अंतर्गत हुआ वृद्धों का प्रशिक्षण

## 2 हजार से अधिक वृद्ध जनों तथा दिव्यांगों का हुआ प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज
**पिछोर, 07 दिसम्बर।** रविवार पिछोर जनपद पंचायत के प्रांगण में एडिशनल सीईओ एन एस नरवरिया की उपस्थिति में ज्योतिरादित्य सिंधिया क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के निर्देशानुसार जिले के पिछोर में भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अंतर्गत तहसील के पात्र दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को निशुल्क जीवन सहायक उपकरण एवं कैलिपर्स प्रदान किए जाने हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 4 दिसंबर के प्रथम चरण में लगभग 400 से अधिक चिन्हाकित किए गए थे किंतु समयाभाव व सर्दी के मौसम को देखते हुए उस दिन परीक्षण पूर्ण न होने के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी के अथक प्रयासों से आज पुन: 7 दिसंबर को विशाल शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2000 से अधिक दिव्यांगजनो तथा वायोवृद्धो की जांच कर चिन्हाकित किया गया जिन्हें आगामी समय में कार्यक्रम के जरिए एल्मिको कंपनी के माध्यम से उपकरण प्रदान किए जाएंगे उपकरणों में ट्राई साइकिल, बैटरी चलित साइकिल, बैसाखी, ईयर मशीन, व्हील चेयर कमर तथा घुटने का पट्टा और चश्मा वितरित किए जाएंगे उपरोक्त सिविर में 75 ग्राम पंचायत के सचिवो द्वारा दिव्यांगजनो तथा वयोवृद्ध के लाने ले जाने की व्यवस्था की गई वही मौके पर सचिव अजब सिंह लोधी, अबध शर्मा, अशोक मिश्रा,विवेक लोधी के अलावा एल्मिको कंपनी से जनपद पंचायत स्टाफ और नरेंद्र गंगवार सार्थक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बीजेपी का संगठन मंथन, बूथ स्तर की मजबूती पर फोकस



## शिवपुरी रेस्ट हाउस में भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक

नवभारत न्यूज
**शिवपुरी, 07 दिसम्बर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर संभाग के संगठन प्रभारी डॉ. निशांत खरे के मार्गदर्शन में आज शिवपुरी रेस्ट हाउस पर जिला संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संगठनात्मक विषयों पर गंभीर और सारगर्भित चर्चा की गई, जिसका उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत व प्रभावी बनाना था।

बैठक के दौरान, संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरांत, जिला संगठन के विभिन्न पहलुओं, आगामी कार्ययोजनाओं और बूथ स्तर की मजबूती को लेकर विस्तृत मंथन हुआ। संगठनात्मक विषयों पर हुए विचार-विमर्श से यह तय किया गया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को जन-जन तक सरकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को पहुंचाने के लिए और अधिक सक्रियता से कार्य करना होगा। बैठक में क्षेत्र के सम्मानित विधायकगण, पूर्व विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा महामंत्री विधानसभा, मंडल अध्यक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे। डॉ. निशांत खरे ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर और समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# श्रमिक वर्ग को एकजुट करने के उद्देश्य से हुई बैठक

विशेष संवाददाता
**भोपाल,07 दिसंबर. ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स एवं अस्थायी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का प्रांतीय सम्मेलन रविवार को शाहजानी पार्क में संपन्न हुआ, जिसमें राज्यभर के श्रमिक वर्ग को एकजुट करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए. बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की, मुख्य अतिथि के रूप में अनिल बाजपेयी उपस्थित रहे, जबकि कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने संचालन किया.**



> मोर्चा ने तीन आगामी आंदोलनात्मक कार्यक्रमों की भी घोषणा की—5 जनवरी 2026 को विकास भवन में भूख हड़ताल, 19 जनवरी 2026 को लोक शिक्षण संचालनालय पर राज्यस्तरीय धरना, और 23 फरवरी 2026 को जबलपुर उच्च न्यायालय में पांच लाख कर्मचारियों के हस्ताक्षरों के साथ जनहित याचिका दाखिल करना . नेताओं ने कहा कि ठेकाकरण और निजीकरण के बढ़ते प्रभाव से उत्पन्न आक्रोश अब एक मजबूत और निर्णायक संघर्ष में बदलेगा, जिससे कर्मचारियों को न्याय, सुरक्षा और उचित वेतन सुनिश्चित हो सकेगा .


बैठक में दर्जनभर से अधिक संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें कोटवार संघ, युवा आउटसोर्स संघ, पंचायत चौकीदार संघ, अंशकालिक कर्मचारी संघ, बैंक मित्र संगठन, आशा कार्यकर्ता संघ तथा स्वच्छताग्राही संगठन के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे.

सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण कामगार क्रांति मंच का प्रस्ताव रहा, जिसे सरकार एवं निजी क्षेत्र में कार्यरत आउटसोर्स, अस्थायी, अंशकालिक, ठेका एवं औद्योगिक श्रमिकों को एक छतरी के नीचे लाने के उद्देश्य से गठित किया जाएगा. यह मंच भविष्य के सभी आंदोलनों और रणनीतियों का नेतृत्व करेगा, विशेषकर नौकरी सुरक्षा और सम्मानजनक वेतन की मांगों के लिए.

भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बोले– भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल की प्रतिक्रिया

# मार्च 2026 से पहले खत्म होगा नक्सलवाद

**भोपाल, 07 दिसंबर . भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने बालाघाट में 10 हार्डकोर नक्सलियों के आत्मसमर्पण पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की. उन्होंने कहा कि सरकार की प्रभावी रणनीति और सुरक्षाबलों की सटीक कार्रवाई से मध्यप्रदेश ही नहीं, देशभर में नक्सलवाद अब तेजी से समाप्ति की कगार पर है.**



> भाजपा सरकार की प्रभावी पुनर्वास नीति से नक्सली हथियार छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं . खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह के मार्गदर्शन में प्रदेश में कानून का सख़्ती से पालन कराया जा रहा है . सरकार की स्पष्ट नीति है कि जो हथियार छोड़कर लौटना चाहते हैं, उनका स्वागत किया जाएगा, लेकिन हिंसा की राह पर चलने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा . उन्होंने सभी नक्सलियों से अपील की कि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर शांति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ें .

खण्डेलवाल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन मध्यप्रदेश इससे पहले ही नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे पुनर्वास कार्यक्रम और सुरक्षा अभियानों ने इसकी कमर तोड़कर रख दी है.

उन्होंने बताया कि नवंबर में एक महिला नक्सली ने आत्मसमर्पण किया था और अब एक साथ 10 नक्सलियों का समर्पण इस बात का प्रमाण है कि नक्सलवाद मध्यप्रदेश में कमजोर पड़ चुका है.